हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 6 जून 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 लक्ष्य के साथ रुचि को ध्यान रखकर करें विषय का चयन



10 विजय की दूसरी बार जीत पर मना जश्न




## NEET रिजल्ट में प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट का जलवा बरकरार : प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट

प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने नीट 2024 में पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक व सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर पूरे प्रदेश व देश में एक अलग पहचान बनाया इस वर्ष भी NEET परीक्षा में राहुल चन्द्रवंशी 688, किशन 685, निखिल 685, अरविन्द प्रजापति 670, कुशलेन्द्र ओझा 668. इसी प्रकार आदित्य राजपूत, कुलदीप, रुचि भारद्वाज, कोहिनूर लीलिमा, स्नेहा, रिसिका साहू, लुप्रिया रॉय, टंकेश सिन्हा, वर्षा बंजारे, कशिश मेश्राम का चयन छत्तीसगढ़ व पूरे देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में दाखिला होने की पूरी संभावनायें हैं।

सभी चयनित छात्रों को संस्था के डायरेक्टर द्वारा बधाई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। बच्चों ने इस सफलता का श्रेय प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट के शिक्षकगण अपने माता-पिता व कठिन परिश्रम को दिया। प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट में नीट की नई बैच 10 जून से प्रारंभ हो रही है। ड्रापर बैच में डेली 6 घंटे क्लासेस व 3 घंटे डाउट क्लास होगी। हर संडे नीट आधारित टेस्ट ली जायेगी, जिसका परिणाम सोमवार को दी जायेगी। बच्चों को कम्प्लीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, ड्रेस, आई कार्ड दी जायेगी। संस्था में लाइब्रेरी व हॉस्टल सुविधा भी उपलब्ध है। मेघावी, BPL कार्डधारी व आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को फीस में विशेष छूट दी जायेगी। बच्चों को दिल्ली व कोटा के अनुभवी व विषय विशेषज्ञों शिक्षकों द्वारा अध्ययन कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशन क्लासेस भी कराया जाता है, जिससे बच्चों का आत्मविश्वास जागृत होती है। भिलाई में तीन ब्रांच है। प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट, शॉप नं. 58 'A' मार्केट, सेक्टर-10 भिलाई, दूसरा शॉप नं. 178/179 न्यू सिविक सेन्टर भिलाई व तीसरा शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर भिलाई में है। मो. नं. - 83195-71812, 78801-68887.



RAHUL CHANDRAVANSHI
688/720



KAUSHLENDRA OJHA
668/720



NIKHIL
685/720

छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक रिजल्ट देने वाली संस्था प्राइम केरियर इंस्टीट्यूट

Advt.


**खबर संक्षेप**

### जिले की सीमा से निकला दंतैल



**बालोद।** जिले में कुछ दिनों पहले ही पहुंचे दंतैल हाथी के वापस चले जाने से ग्रामीणों को राहत मिली है। दंतैल हाथी बीते कुछ दिनों से गुरुर, बालोद और डौडी वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा था और विचरण क्षेत्र में गन्ना, केला और ग्रीष्म कालीन धान की फ़सल को नुकसान पहुंचा रहा था, इसके साथ ही ग्रामीण अंचल में पहुंचकर घरों में भी तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया था। बता दें कि हाथी पूरा दिन जंगलों के बीच रहकर विश्राम करता था और शाम होते ही जंगल से निकलकर ग्रामीण अंचलों में पहुंच नुकसान पहुंचाता था, जिसके कारण वनांचल क्षेत्र से लगे ग्रामीण बहुत ज्यादा दहशत में नजर आते थे और शाम होते ही कच्चे मकान को छोड़ पक्के मकान में जाकर रात गुजारने को मजबूर थे, लेकिन अब हाथी के वापस चले जाने से वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण पहले के की तरह सामान्य जिंदगी जी रहे हैं। वहीं हाथी दो दिन पहले ही वापस गंगरेल बांध के डुबान क्षेत्र से धमतरी जा पहुंचा है, जिसके कारण बालोद जिले में हाथी के जाने से शांति का माहौल है।

### लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक 9 को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक 9 जून को प्रातः 11 बजे आदिवासी ब्लाक मुख्यालय डौण्डी जनपद पंचायत के सामने आदिवासी संस्कृति भवन के पास रखी गई है। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### कार-वैन में भिड़ंत सभी यात्री सुरक्षित

**बालोद।** जिले के ग्राम उमरादहा स्थित राइस मिल के पास बुधवार दोपहर लगभग 2 बजे कार और वेन के बीच आमने–सामने की टक्कर हो गई। दुर्घटना में कार सवार एक परिवार के चार लोग बाल–बाल बचे। जानकारी के अनुसार बुधवार को कार में सवार होकर रायपुर से बालोद की तरफ अपने बच्चों का पेपर दिलवा कर लौट रहे थे। वहीं, बालोद की तरफ से तेज रफ्तार वैन पड़कीभाट की तरफ जा रही थी। उमरादहा के राइस मिल के पास वैन और कार में आमने-सामने टक्कर टक्कर हो गई। सड़क दुर्घटना में वैन के परखच्चे उड़ गए और कार के भी आगे के हिस्से को बड़ी क्षति पहुंची, अच्छी बात यह रही कि सभी यात्री सुरक्षित हैं।

**मौसम :** मंगलवार देर रात से बंद रही बिजली, दूसरे दिन देर रात भी नहीं आई आधे शहर की बिजली

# आंधी का कहर, कई पेड़ व बिजली के दो दर्जन से ज्यादा खंभे गिरे, रातभर अंधेरे में डूबा रहा शहर







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय में मंगलवार रात 12 बजे से आंधी ने जमकर कहर बरपाया। तेज हवाएं चलीं और जमकर बादल जमकर गरजे। वहीं, आंधी में शहर के कई स्थानों पर पेड़ों के अलावा बिजली के दो दर्जन से ज्यादा खंभे गिर गए। इससे पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। रातभर शहरवासियों को जागकर गुजारनी पड़ी। रात 12 बजे से बंद हुई बिजली सप्लाई बुधवार दोपहर 12 बजे शुरू हो पाई, वह भी केवल आधे शहर में। लेकिन, वहां भी लोग दिनभर लो वोल्टेज की समस्या से परेशान रहे। वहीं, कई स्थानों पर बुधवार देर रात तक बिजली सप्लाई शुरू नहीं हो पाई थी। हालांकि, रातभर विद्युत विभाग के कर्मचारी बिजली सप्लाई व्यवस्था ठीक करने में जुटे रहे।




### स्कूलों के शेड उड़े, कई क्षेत्र प्रभावित

एक घंटे तक चली आंधी के कारण शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे बिजली पोल जहां क्षतिग्रस्त हो गए वहीं बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। अचानक आई आपदा ने सेजस कन्या विद्यालय को बूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इसी तरह डीईओ कार्यालय बेसिक स्कूल ग्राउंड कलेक्टर बंगला के आसपास का क्षेत्र है सहित पोस्ट ऑफिस, मोहभभट्टा रोड ब्राह्मण पारा, सिंधी कालोनी, स्टेट बैंक कॉलोनी, सिविल लाइन, पिकरी पारा, मानपुर, कवर्धा रोड सबसे ज्यादा प्रभावित रहा।

### रातभर फाल्ट ढूंढने और सुधारने में लगे रहे कर्मचारी

चक्रवात के कहर से विद्युत व्यवस्था काफी प्रभावित हुई। कई जगह बिजली के खंभे गिर गए, वहीं बिजली तार जगह-जगह टूट कर गिर गए। मंगलवार रात से बुधवार दिन भर विभाग के एई गुलाब राम साहू के नेतृत्व में लगभग 100 कर्मचारी विद्युत व्यवस्था सुधार कार्य में लगे हुए थे। इस दौरान विद्युत विभाग के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि तेज हवाओं के इस चक्रवात के चलते दर्जनों स्थान पर फॉल्ट आने से बिजली सप्लाई बाधित हो गई थी। उन्हें ढूंढ कर ठीक कर रहे थे। कई बार तो कई स्थानों की फाल्ट ढूंढने में ही घंटों लग रहा था। इधर हर गली मोहल्ले से दिन भर विभाग को बिजली बंद होने की जानकारी देकर सुधार करने कंप्लेंन पहुंचती रही। खबर लिखे जाने तक शहर के 15 प्रतिशत स्थानों पर विद्युत व्यवस्था सुधर नहीं पाई थी, जहां कर्मचारी सुधार कार्य में लगे हुए थे।

# पिस्टल की टेस्टिंग के दौरान चली गोली, बना दी लूट की झूठी कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सोमवार को जिला मुख्यालय में हुई घटना के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



जिला मुख्यालय में गोली कांड से मची सनसनी से पुलिस ने पर्दा उठाते हुए मामले का खुलासा कर दिया है। ओर लूट की बात झूठ निकली। लूट की कहानी बताकर गुमराह करने वाले घायल सहित सभी तीनों आरोपी आखिर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। बेमेतरा पुलिस ने अवैध रूप से बिना लायसेंसी हथियार पिस्टल की खरीदी बिक्री करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो नग देशी पिस्टल, 06 नग राउण्ड, 02 नग मैगजीन को बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार सोमवार को जिला अस्पताल बेमेतरा में एक व्यक्ति को गोली लगने घायल होने पर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। सूचना पर बेमेतरा पुलिस ने घायल व्यक्ति चौधरी तस्लीम से पूछताछ की। इस पर उसने पुलिस को तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काले रंग की मोटर सायकल पर आकर लूट का प्रयास कर कट्टे से गोली मारकर लूट की झूठी घटना की कहानी बताकर गुमराह किया। पुलिस ने घायल के बयान पर शंका होने पर उससे कड़ाई से पूछताछ की। इस पर आरोपी चौधरी तस्लीम ने बताया कि बेमेतरा में स्थित पेट्रोल पंप के मैनेजर दिनेश शर्मा द्वारा कोई गंभीर घटना करने के उद्देश्य से बिना लायसेंसी देशी पिस्टल व राउण्ड खरीदने के लिए 70,000 रुपए में रायपुर से मंगाया था। चौधरी तस्लीम व अजय रायपुर से आये थे। आरोपी सिमगा से देशी पिस्टल व राउण्ड प्राप्त कर एवं अपने पास पूर्व से रखे देशी पिस्टल व राउण्ड का तीन पेड़िया बाईपास बेमेतरा की सुनसान जगह पर अलग-अलग देशी पिस्टल से टेस्ट फायर कर रहे थे। कार में बैठकर टेस्टिंग के दौरान देशी पिस्टल से फायर होकर आरोपी चौधरी तस्लीम के बाएं पैर में गोली लग गई। तीनों आरोपियों दिनेश शर्मा उर्फ महराज एवं अन्य द्वारा झूठी कहानी की योजना बनाकर घायल आरोपी चौधरी तस्लीम को जिला अस्पताल बेमेतरा में भर्ती कराया गया। सिटी कोतवाली बेमेतरा में धारा 25, 27, 29 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

विवेचना दौरान आरोपियों से अलग-अलग नगदी रकम 70,000 रूपये, दो नग देशी पिस्टल, 06 नग राउण्ड, 02 नग मैग्जीन, कार सीजी 04 पिडी 7431, मोटर सायकल एवं तीन नग मोबाईल जप्त किया गया है। आरोपियों अजय कुमार कश्यप पिता सतेन्दर कश्यप उम्र 21 वर्ष निवासी बड़ौत थाना बड़ौत जिला बागपत (उ.प्र.) वर्तमान पता गन्ना बाडी उप जेल बेमेतरा के सामने, दिनेश शर्मा पिता संतराम शर्मा उम्र 41 वर्ष निवासी वार्ड नं. 16 मुक्तिधाम के सामने नयापारा बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर लिया गया। प्रकरण में घायल आरोपी तस्लीम चौधरी का विशेष सुरक्षा में जिला अस्पताल ▶▶| शेष पेज 10 पर

# खरीफ की तैयारी में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

- समितियों से खाद–बीज के उठाव में भी आई तेजी



ब्लॉक बेरला सहित जिले के किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। जून माह लगते ही अंचल में मौसम के भी मिजाज परिवर्तन होने लगा है। पिछले 3-4 दिनों से मौसम में परिवर्तन होने से तापमान में कमी आयी साथ ही लगातार घटाओं व बादली मौसम तो कही बूंदा बंदी पानी गिरे। एक तरफ किसान इन्ही मौसम परिवर्तन के साथ जून माह लगते ही खरीफ फसल की तैयारी में जुटते हुए किसान अपने खेतों की साफ सफाई एवं जुताई करने लगे। साथ ही नर्सरी तैयार कर रोपा लगाने के लिए खेत मे बीज की बुवाई करने शुरू कर दिया। इस के अलावा किसान मई माह से ही खाद के लेनदेन में जुट गए हैं। वहीं, समिति केन्द्र से यूरिया, डीएपी, पोटास, झाइम जैसे खाद्य रकबा अनुसार उठाया जा रहा है।

गौरतलब है कि ब्लॉक बेरला अंचल क्षेत्र के ग्राम सलधा, कोदवा, मनियारी, मोहभट्ठा, देवरबीजा, रेवे, भिंभौरी, कुसमी, बारगांव, परपोड़ा देवादा आदि किसान व मजदूर खेतों की साफ-सफाई कर रहे हैं। खरपतवार व पराली को जला रहे हैं, ताकि मानसून प्रवेश होते ही खेतों में बोवाई शुरू कर सकें। वहीं खरीफ धान फसल लेने के लिए सोसाइटियों से खाद का उठाव करके घरों में स्टॉक कर रहे हैं, ताकि वर्षा के बीच किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े और महंगे दामों में खरीदना न पड़े। किसान सुबह से खेतों के खरपतवार की सफाई कर रहे हैं। मेड़ तैयार कर रहे हैं। खेतों में ट्रेक्टर के माध्यम से हल चलाकर बोनी के लायक बना रहे हैं। सुबह से दोपहर तक किसान खेतों में नजर आने लगे। इसके बाद बारिश चालू होते ही किसान खेतो में बीज करना प्रारंभ करेंगे।





## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


## भाजपा की जीत मोदी की गारंटी व साय सरकार के सुशासन का फल

**बेमेतरा।** लोकसभा चुनाव 2024 की काउंटिंग के बाद आए परिणाम से जिले के बीजेपी नेता काफी खुश हैं। दुर्ग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को हराया।

वे 4 लाख 38 हजार 226 वोटों से जीते। साथ ही बेमेतरा, साजा व नवागढ़ से भी भाजपा को लीड मिली है। इसके साथ ही राज्य में 11 में से 10 लोकसभा सीट पर बीजेपी की जीत का जश्न मनाया जा रहा है। वहीं, चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा के जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने तीसरी बार केंद्र सरकार चलाने का जनादेश भाजपा को दिया। यह बड़ी बात है जिस प्रकार नरेंद्र मोदी देश की दशा और दिशा बदली इसमें जनता ने अपनी मुहर लगाई है और छत्तीसगढ़ में भी जो जनादेश मिला है श्री मोदी के दस वर्षों के कार्य और प्रदेश भाजपा सरकार के चार महीनों की उपलब्धियों पर प्रदेश की जनता ने अपना विश्वास जताया है। अब छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार लोगो की आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी हितग्राही मूलक योजनाओं और विकास को गति मिलेगी। उन्होंने इस विश्वास और आशीर्वाद के लिए जनता का आभार जताया है।



## खबर संक्षेप



### लोकसभा निर्वाचन कार्य पूर्ण होने पर कलेक्टर ने जताया आभार

**बालोद।** जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी नागरिकों, राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों, सुरक्षा बलों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि सभी के सहयोग से लोकसभा निर्वाचन 2024 निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सभी ने टीम भावना से जवाबदारीपूर्वक निर्वाचन कार्य में भागीदारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के मतदाताओं ने मतदान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और शांतिपूर्ण मतदान कराने में भी सहयोग दिया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में पूर्ण सहयोग मिला। मीडिया प्रतिनिधियों ने निर्वाचन में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। कलेक्टर ने शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों के जवानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों–कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ निर्वाचन कार्य पूरा किया।

### अधिवक्ता से गाली गलौज, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल धारक के खिलाफ दारा 507 के तहत कार्रवाई किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर हथखोज निवासी अधिवक्ता रोशन कुमार सिंह ने लिखित शिकायत किया है कि उनके मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल धारक ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। 20 मई की रात इन्द्रानगर हथखोज क्षेत्र में बिजली गुल हो गई थी। तभी अपने दोस्त संजय को खुर्सीपार छोडने बोला था। तभी पीड़ित सब स्टेशन हथखोज के हेल्पलाईन नम्बर पर कॉल कर बिजली गुल होने का कारण पुछा था। उन्होंने थोडी देर बाद बिजली आने का अश्वासन दिया। 1 घंटे बाद भी बिजली नही आई तो दोबारा अधिवक्ता ने कॉल कर बिजली आने की जानकारी लिया। फिर तीसरी बार कॉल करने पर अधिवत्ता को अज्ञात मोबाईल धारक ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे डाली। अधिवक्ता ने अज्ञात मोबाइल धारक को उसका नाम पूछने पर मनोज बताया है।

### अमानत में खयानत आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** लोगों से अमानत में खयानत करने वाले वाला फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 406 के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि जना स्माल फायनेंस के नाम पर 40 ग्राहकों को मासिक किस्त की रकम को बैंक कैशियर के पास जमा नहीं किया।

## पेज 9 का शेष

### पिस्टल की टेस्टिंग ...

बेमेतरा में ईलाज जारी है। प्रकरण में फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर रवाना किया गया है। उक्त कार्रवाई में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक चन्द्रदेव वर्मा, सायबर सेल प्रभारी उप निरी. मयंक मिश्रा, साउनि जितेन्द्र कश्यप, संतोष धुर्वे, प्र.आर. रविन्द्र तिवारी, लोकेश सिंह, मोहित चेलक, विनिद पात्रे, नोहर यादव, प्र.आर. रघुराज यदु, छत्रपाल डहरिया, आर. शिव सेन, इंद्रजीत पांडे, जयकिशन साहू, मालिक राम सिन्हा, राजेश ध्रुव, नरेश वर्मा, मोती जायसवाल, संजय पाटिल, सौरभ सिंह, एवं अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

**स्वागत : जामगांव आर अंचल के कार्यकर्ताओं ने दी बधाई**

# विजय की दूसरी बार जीत पर मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

तीसरी बार केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने की खबर, पाटन विधानसभा के सशक्त भाजपा नेता विजय बघेल के प्रचंड बहुमत के साथ पुनः सांसद बनने और छत्तीसगढ़ की 11 में से 10 लोकसभा चुनाव में विजय श्री मिलने की खबर से भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता और मोदी के चहेतों की खुशियां छलक पड़ी। जमकर फटाके फूटे और नारों की आवाज गांवों में गूंज उठी।

लेकिन उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान में भाजपा की स्थिति को लेकर भी चर्चा गर्म रही। लोकतंत्र में विपक्ष को 234 सांसदों का तगड़ा नंबर मिला है। जामगांव आर भाजपा मंडल के नेता कार्यकर्ता पुनः सांसद निर्वाचित विजय बघेल को प्रत्यक्ष भेंट कर पुष्पहार भेंट कर बधाई दी।





### अब ईवीएम पर विपक्ष मौन क्यों

इस दौरान पार्टी के लोगों ने कहा कि हार की मार से कराहने वाला विपक्ष अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा करते थे। इस बार भाजपा को प्रचंड बहुमत नहीं मिलने पर ईवीएम में खराबी नजर नहीं आ रही है विपक्ष गूंगे जैसे रोल प्ले कर रहे हैं। आमजनता विपक्षियों की इस अशोभनीय नीति को भली भांति समझ गई है। ये जीते तो ईवीएम ठीक है और हार गए तो हंगामा। लोगों ने कहा कि चुनाव में जीत हार लगी रहती है। विपक्ष सकारात्मक भूमिका निभाए अपना इमेज और नंबर बढ़ाए। अनावश्यक कुछ भी न कहें।

### जामगांव आर में भाजपा 400 पार

दुर्ग लोकसभा में प्रचंड बहुमत से पुनः सांसद निर्वाचित होने पर विजय बघेल को बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। स्थानीय नेताओं ने बताया कि जामगांव आर में भाजपा को प्रतिद्वंदी से 410 वोट अधिक मिला है।इसी क्रम में जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, उपाध्यक्ष टेस राम साहू, महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, राजेश बंछोर, पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, पूर्व कोषाध्यक्ष नरेश केला, पूर्व महामंत्री भगवान चंद्राकर, भाजपा युवामोर्चा मंडल नारद साहू, किसान भाजपा नेता कमलेश साहू, अध्यक्ष उपाध्यक्ष अंगेशवर साहू, पूर्णेंद्र सिन्हा, मेघनाथ सागरवंशी, आदेश यादव, मनीष जैन, द्रोण चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, केशव साहू, संजय साहू ने बधाई दिए।

## बस्तर क्लस्टर में भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर सह प्रभारी ने जताया आभार

**बालोद।** बस्तर क्लस्टर के सभी तीनों लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर बस्तर क्लस्टर लोकसभा सह प्रभारी यशवंत जैन ने मतदाताओं का आभार जताया है।



लोकसभा के संपन्न चुनाव में बस्तर क्लस्टर के अंतर्गत महासमुंद, कांकेर एवं बस्तर लोकसभा शामिल थे। भारतीय जनता पार्टी के तीनों लोकसभा में प्रत्याशियों के विजय होने पर बस्तर कलस्टर सह प्रभारी यशवंत जैन ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। श्री जैन कहा कि यह जीत श्री मोदी की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए छत्तीसगढ़ की जनता का आशीर्वाद है। यह जीत प्रदेश के विष्णु देव साय सरकार के 3 महीने के जनहित के कार्यों पर मुहर है। यशवंत जैन ने कहा कि तीनों लोकसभा के कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी में अथक रूप से प्रयास कर पार्टी की विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाने में बहुत परिश्रम किया, जिसके कारण तीनों लोकसभा सहित पूरे छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा को स्वीकार कर भारतीय जनता पार्टी के कांकेर के प्रत्याशी भोजराज नाग, महासमुंद की प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी एवं बस्तर के प्रत्याशी महेश कश्यप को विजय बनाने के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा।

## सांसद विजय के घर पहुंचे कार्यकर्ता दूसरी बार जीत पर दी बधाई



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने सांसद विजय बघेल से उनके दुर्ग स्थित निवास पर मुलाकात की। इस दौरान को दूसरी बार रिकार्ड मतों से जीत मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर पप्पू चंद्राकर दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर रिसाली के पार्षद गन अजय चौहान मुकेश चंद्राकर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भोजराज की जीत पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई, मनाई जमकर खुशियां

**बालोद।** मंगलवार को लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार भोजराज नाग ने जीत के समाचार के बाद नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सव का माहौल रहा। कांकेर लोकसभा में भाजपा की लगातार यह छठवीं जीत है।

भाजपा की जीत होते ही जिले के तमाम भाजपाइ भोजराज नाग को बधाई देने कांकेर पहुंचे। कांकेर के मतगणना स्थल के बाहर ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इसमें भारी संख्या में बालोद जिले के भाजपा नेता व कार्यकर्ता भी पहुंचे थे। जिले के ग्राम पाकुरभाट स्थित मतगणना कक्ष में मतों की गिनती शुरू होने से लेकर समाप्त होने तक मतगणना स्थल के बाहर कोई माहौल नहीं था, लेकिन जैसे ही भाजपा की जीत की पुष्टि हुई, बालोद शहर में तथा भाजपा कार्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपाइयों ने फटाके फोड़े वहीं एक दूसरे को मिठाई खिलाते नजर आए, इसके साथ ही कांकेर लोकसभा के होने वाले सांसद भोजराज नाग को बधाई देने जिले के भाजपा नेताओं आना जाना लगा रहा।



# विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए करें सभी जरूरी उपाय : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणात्मक शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिले के विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

- कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

चन्द्रवाल जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग के आला अधिकारियों के अलावा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों तथा सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों, विकासखण्ड स्त्रेत समन्वयकों सहित विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिले में कक्षा 10वीं की तुलना में कक्षा 12वीं की परीक्षा परिणाम बेहतर होने के संबंध में कारण भी पूछा।

उन्होंने विभाग के सभी अधिकारियों एवं शिक्षकों को जिले के परीक्षा परिणाम को उत्—ष्ट बनाने हेतु योजना बनाकर उसे अमलीजामा पहनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान चन्द्रवाल ने जिले के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में और अधिक सुधार करते हुए परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाने के उपायों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की। इसके लिए उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं प्राचार्यों से सुझाव भी लिए। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने शाला प्रवेशोत्सव, भवन व परिसर की साफ–सफाई, अपलेखन, छात्रवृत्ति, विद्यार्थी बीमा, गोपनीय प्रतिवेदन, जाति निवास प्रमाण पत्र, परीक्षा आकलन, लंबी अनुपस्थिति, सेवा पुस्तिका संधारण आदि के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने नए शिक्षा सत्र में प्रारंभ होने के पश्चात स्कूलों के मरम्मत आदि कार्य के अलावा रसोईए आदि नियुक्ति प्रक्रिया आदि सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत कक्षा 8वीं में बच्चों की समुचित प्रवेश होने पर प्रसन्नता भी व्यक्त की। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले में लोकसभा आम निर्वाचन के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में शिक्षा विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित भी किया।



### सतत मानिटरिंग करें अधिकारी

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिले के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने तथा परीक्षा परिणाम को और अधिक बेहतर बनाने हेतु विभाग के अधिकारी एवं शिक्षकों को पूरे मनोयोग के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को बच्चों के अध्ययन–अध्यापन के अलावा शिक्षकों की उपस्थिति की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। डॉ. कन्नौजे ने लापरवाह तथा लंबे समय तक अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने बैठक के एजेण्डे के अनुसार विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा जिला मिशन समन्वयक अनुराग त्रिवेदी ने जिले में समग्र शिक्षा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

### लोकसभा चुनाव के सफलता संचालन पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जताया आभार

**बालोद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सहभागिता देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय संगठनों, लोक सेवी संस्थाओं तथा मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी है। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न एवं नियोजित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों एवं निर्वाचन गतिविधियों का प्रभावी रूप से प्रचार–प्रसार किया। उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी शासकीय एवं गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## ग्राम पंचायत कांडे और पुसावड़ में किया गया पौधारोपण, सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के डौण्डी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत कांडे एवं पुसावड़ में निर्मित अमृत सरोवर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही वहाँ उपस्थित जन समूहों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के संबंध में जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.डी.मण्डले ने शपथ दिलाई।






इस दौरान ग्रामिणों ने स्वप्रेरणा से गिरते हुए जल स्तर पर उन्नयन के लिए अपने घर, आँगन एवं बाड़ी में सोकपिट बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.डी. मण्डले के द्वारा लोगों को स्वप्रेरणा से सोकपिट निर्माण करने, छत में संचित पानी को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से सोकपिट के माध्यम से भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने एवं गर्मी में धान के स्थान पर पानी की कम खपत वाले दूसरी फसल लेने बारिश में अधिक से अधिक पौधरोपण करने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान कांडे के सरपंच चन्द्रलेखा पायला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## विज्ञानसभा सदस्य एनुका ने किया पौधा वितरण, बरसात में लगाने का किया आग्रह

**डौंडीलोहारा।** विज्ञानसभा सदस्य एनुका शार्वा की प्रेरणा से शिक्षिका ऊषा ढाले, कामिनी पटेल, किरण छेदाम और विश्वविद्यालय की छात्राएं गरिमा, संगीता, सरिता, वंदना, रिंकी, नंदिनी ने बारिश होने पर 2-2 पौधों को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी ली है। एनुका ने इस अवसर पर शैलेंद्र ओटवानी, भावेश लोढ़ा, यतेंद्र देवांगन, माया जयेश ठाकुर, संदीप लोढ़ा, गणपति, अनिल लोढ़ा, जयलाल मालेकर, श्री सिद्धिकी, अनिल, नरेन्द्र भंसाली तथा अवधूत सेवा समिति ग्राम भेंड़ी के सदस्यों को नीम, बेल, मुनगा, करण, अशोक, कटहल, अमरूद, गुलमोहर, नीबू बेल जैसे पौधे भेंट किए। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि बरसात आने पर उसे सुरक्षित स्थान पर लगा कर उसकी देखभाल करें। इसके साथ ही उन्होंने अपने बच्चों को एक-एक पौधे की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी दी। कार्यक्रम में शिक्षक बलदेव यदु तथा छात्र तेजप्रकाश, नवीन, देवेंद्र, धनेन्द्र, लवकिशोर और नारायण भी शामिल थे। सभी ने इस बरसात में अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण कर संरक्षण तथा लोगों को भी इस दिशा में प्रेरित करने का संकल्प लिया।



## आईटीआई के विद्यार्थियों को दी गई यातायात के नियमों की जानकारी

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले को दुर्घटना मुक्त जिला बनाकर जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम के उपाय सुनिश्चित करने के लिए निरंतर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बालोद में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर वहाँ अध्ययनरत विद्यार्थियों को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को सायबर अपराधों के संबंध में भी जानकारी दी गई।



Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी।

समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक

डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

ॐ

# BHARTI VISHWAVIDYALAYA, DURG

Approved by - AICTE, NCTE, BCI, PCI / University Grants Commission (UGC), New Delhi




भारती ग्रुप पिछले 27 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है...

## Law

- B.A. LLB
- B.Com LLB
- LLB
- LLM

## Engineering

M. Tech. / B.Tech.
Polytechnic

- Civil
- CSE
- ET&T
- Mechanical
- Electrical
- Artificial Intelligence & Machine Learning

## Journalism

- MAJMC
- BAJMC

## Hotel Manegement

- MHM
- BHM

## Animation & Visual Effects

- B.Sc.
- M.Sc.

## Pharmacy

- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph.D.

## Arts/ Science/ Commerce

- B.Sc. / M.Sc. - All Subjects
- Forensic Science / Food & Nutrition
- DCA
- PGDCA
- DSW
- MBA
- MPH

New Course
Approved by AICTE
- BBA
- BCA

- B.A./B.Sc./ B.Com.
- B.A./B.Sc./ B.Com. (Hons)

As per NEP 2020

- M.A./M.Sc./ M.Com. → All Subjects Inclu. Chhattisgarhi
- BSW
- MSW
- B.Stat.
- M.Stat.
- BRS
- MRS

## Library

- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

## Education

- D.El.Ed.
- B.Ed
- M.Ed

## Diploma Courses

- Forensic Science
- Yoga Science
- Interior Design
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Corporate Law
- Digital Marketing
- Nutrition and Dietetics
- Multimedia & Graphic Animation

## Film Making

- B.A.
- M.A.

**Ph.D. Available in all Subjects**

- BAMS Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
- B.Sc. (Nursing)

Affiliated to Ayush University, Raipur

- B.Tech. Agri.
- B.Sc. Agri.

Affiliated to IGKV, Raipur

**Preference on Limited Seats for "Single Girl Child" in Admission as per University Norms.**

पात्रता रखने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान किया जाता है...

Special Classes for Personality Development, Training, Placement & Entrepreneurship Development

## TOP RECRUITERS

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH PVT. LTD. · TATA CONSULTANCY SERVICES · L & T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

www.bhartiuniversity.org · bhartiuniversity.in@gmail.com · : 6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण प्रेमी संगठन ने कठिया के मुक्तिधाम में लगाया पीपल का पौधा

**बेमेतरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण प्रेमी संगठन ने ग्राम कठिया के मुक्तिधाम के पास तालाब के किनारे पीपल का पौधा लगाया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने आने वाली बरसात में 2000 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा। मुख्य अतिथि महेश साहू थे, अध्यक्षता कृष्ण कुमार साहू के अला सचिव गणेश कुमार साहू सदस्दगण लता साहू खोमान चंद्राकर चम्मन निषाद परदेसी साहू अक्षय साहू किशन साहू जितेंद्र साहू छोटू साहू विनय साहू हेमा साहू उपस्थित थे।

### फोन रिसीव नहीं करने पर किया हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल फोन रिसीव नहीं करने पर प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 307, 34 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि चिंगरी पारा सुपेला निवासी अमन साहनी मोहल्ले में टहल रहा था। इस दौरान पांच रास्ता पटेल होटल के सामने रहने वाल राजेन्द्र सिन्हा उर्फ सोनू समेत अन्य के साथ आकर फोन नहीं रिसीव करने को लेकर जान से मारने की नियत से चाकू से प्राण घातक हमला कर दिया। घटना में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। शिकायत के बाद सुपेला टीआई राजेश मिश्रा अपनी टीम के साथ आरोपी को पकड़ने के लिए जुटे रहे। राजेन्द्र सिन्हा को पकड़कर पूछताछ करने पर अपने एक अपचारी मित्र के साथ मिलकर चाकू से हमला करना स्वीकार किया। पुलिस ने चाकू जब्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

### नेहरू के बाद हैट्रिक मारने वाले मोदी पहले पीएम : प्रेमप्रकाश

**भिलाई।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की जीत को ऐतिहासिक निरुपित करते हुए कहा है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार बनने जा रही है। उन्होंने चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि देश में आजादी के बाद संसदीय इतिहास में पं. जवाहरलाल नेहरु के बाद पहली बार मोदी के रुप में किसी प्रधानमंत्री पर जनता ने विश्वास व्यक्त किया है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व और चार महीने की मेहनत से एनडीए गठबंधन तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा की कम सीटों को लेकर हमारी पार्टी पर तंज कसने वाले कांग्रेस गठबंधन को खुद एनडीए से कम सीटें मिली हैं। खुद कांग्रेस को 40 से सैकड़ा पहुंचने में पसीना छूट गया। दरअसल सत्ता वापसी को लेकर मुंगेरीलाल के हंसीन सपने देख रही कांग्रेस मौजूदा सियासत की एक ऐसा विद्यार्थी है,जो बहुमत से बहुत पीछे रहने के बाद भी दस साल तक प्रचंड बहुमत की सरकार के बाद तीसरी बार जनादेश हासिल करने वाले एनडीए को चुनौती देने का दुस्साहस कर रही है।

### विश्व पर्यावरण दिवस : कलेक्टर ने अमृत सरोवर तालाब डुंडा व ग्राम भिनपुरी में लगाए नीम के पौधे

# अपनी धरती को हरा-भरा बनाए रखने के लिए पौधारोपण में हर व्यक्ति योगदान दे : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अमृत सरोवर तालाब डुंडा एवं ग्राम भिनपुरी में नीम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया और हरित भविष्य की शपथ भी दिलाई। इस साल विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर निपटने की क्षमता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्राम भिनपुरी के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

### ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जल संरक्षण के लिए दिलाई शपथ




कलेक्टर श्री शर्मा ने नीम का पौधा रोपते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपनी धरती को हरा-भरा बनाए रखने के लिए पौधारोपण में योगदान दे। पौधारोपण न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण भी सुनिश्चित करता है।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को साल में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई कि वे अपने जीवन में पर्यावरण संरक्षण के नियमों का पालन करेंगे, प्लास्टिक का उपयोग कम करेंगे, जल संरक्षण करेंगे और अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे।

ग्रामवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कलेक्टर के साथ मिलकर पौधारोपण में भाग लिया। ग्रामीणों ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कई सरकारी अधिकारी और समाजसेवी भी उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाया।

### लालपुर स्कूल में छाई हरियाली

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर के सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शिक्षक शान्त कुमार पटेल ने बताया की वर्तमान में लालपुर स्कूल के प्रांगण पूरी तरह हरियाली से खिले हुए हैं। इसके पूर्व 10 साल पहले लालपुर स्कूल प्रांगण में एक भी वृक्ष नहीं था। लेकिन आज पालक समुदाय, छात्र छात्राएं एवं शिक्षक सभी मिलकर स्कूल प्रांगण में फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण कर हरियाली का संदेश दे रहे हैं। आज की स्थिति में लगभग 25 पेड़ सुरक्षित लगे हुए हैं। जिसमें आम, नीम, गुलमोहर, कदमवृक्ष, पाम, कटहल, अशोक, शीशम, करंज, फूलदार पौधा शाला प्रांगण को हरियाली का संदेश देते हुए सुशोभित कर रहे है। वृक्षों का संरक्षण के लिए बहुमूल्य योगदान लालपुर के सभी बच्चों का है। जिनके कुशल देख रेख, पानी व्यवस्था,तार जाली, कांटा का व्यवस्था से ही आज सभी पेड़ ऑक्सीजन व फल फूल छाया दे रहे है। शाला प्रांगण में वृक्षारोपण के लिए प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे, रामायण मन्हरे संकुल समन्वयक मुरता सतीश कुमार कुर्रे, संकुल प्रभारी नरसिंह जायसवाल का विशेष योगदान रहा है।

■ शिक्षकों, पालकों व विद्यार्थियों के परिश्रम का दिख रहा



### कंडरका स्कूल में लगाए गए पौधे

बेमेतरा। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं शासकीय उच्च माध्यमिक .विद्यालय कंडरका में छायादार पौधे लगाए गए और भीषण गर्मी में पक्षियों के पीने के लिए पानी का सकोरा लगाया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र झा, प्रहलाद कुमार टिकरिहा, केंवरा सेन एवं ग्राम प्रमुख यशोदा गोपीचंद निषाद एवं एसएमसी सदस्य भी शामिल हुए। विद्यालय की शिक्षिका केंवरा सेन ने बताया कि यह पर्यावरण एवं पक्षियों की संरक्षण के लिए उठाया गया अनूठी पहल है। भविष्य में यह वृक्ष बहुत ही उपयोगी साबित होगी। आजकल दिन प्रतिदिन वृक्षों की कटाई हो रही हैं जिसके कारण ग्लोबल वार्मिंग की समस्या आ रही है। पृथ्वी लगातार और हर वर्ष गर्म हो रही है कभी भी बेमौसम बारिश हो जाती है, यह भी एक चिंतन का विषय हैं।

■ पक्षियों के पीने के लिए रखा पानी का सकोरा



यदि हम सभी के द्वारा प्रतिवर्ष ऐसे ही वृक्षारोपण किया जाय तो वो दिन दूर नहीं, जब हमारी वसुंधरा फिर से हरितिमा युक्त नजर आयेगी। अतः सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना बहुत आवश्यक है। साथ ही आज हमारे राज्य में कुछ पक्षियों का विलोपन भी हो रहा है। इनके लिए संरक्षण भी बहुत आवश्यक है। इस भीषण गर्मी में पक्षियां कहाँ जायेगी। उनका एक मात्र सहारा वृक्ष है जिनकी दिन प्रतिदिन कटाई हो रही है। इसे रोकना बहुत ही आवश्यक है। जो इन पक्षियों का आश्रय है। हमारे आने वाली पीढ़ी इन सभी से अनभिज्ञ होगें। इसलिए इस क्षेत्र में बेहतर प्रयास एवं जागरूकता का अभियान बहुत जरूरी है। नहीं तो हमारी हरियाली युक्त भूमि का रेगिस्तान में परिवर्तित होना कोई दूर नहीं।

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया पौधारोपण

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा संचालित स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन कैलेंडर 2024 माह जून अनुसार 5 जून अतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में व उमेश कुमार उपाध्याय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बेमेतरा उपस्थिति में नवीन जिला न्यायालय परिसर बेमेतरा में पौधारोपण किया गया। उक्त अवसर पर जिला न्यायाधीश ने सभी नागरिकों एवं अधिकारी, कर्मचारी को पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताते हुए अपने आसपास के वातावरण को एवं आज लगाये गये सभी पौधों की सुरक्षा एवं संवर्धन करने प्रोत्साहित किया। उक्त अवसर पर न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालिटियर्स उपस्थित थे। इसके पश्चात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम बेमेतरा, मुक्तिधाम बेमेतरा, सिद्धी माता बेमेतरा, पेट्रोल पम्प गुनरबोड तथा जिला परिवहन ऑफिस परिसर बेमेतरा में भी परिवहन अधिकारी की उपस्थिति पर वृक्षारोपण कर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में उपस्थित लोगों को वर्तमान में हो रहे मौसम परिवर्तन बारिश में हो रही कमी और नदी, तालाब आदि जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिये अधिक से अधिक पौधा रोपण करने के लिये उन्हें प्रोत्साहित करते हुए पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। इसके साथ ही नालसा द्वारा संचालित पर्यावरण संरक्षण के संबंध में प्रबंधन अभियान के तहत लोगों को सूखा कचरा व गीला कचरा को अलग अलग कर उसे रिसायकल करके प्रकृति को सुरक्षित व संरक्षित करने प्रेरित किया गया।




### कन्या महाविद्यालय में किया गया पौधारोपण

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय में स्थित लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ विनिता गौतम ने सभी को वृक्ष लगाकर पर्यावरण को बचाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ महाविद्यालय की नियमित की छात्राएं मनीषा वर्मा, अलका साहू, टिकेश्वरी वर्मा सहित आदि छात्राओं ने यह संकल्प लिया है कि महाविद्यालय में पूरा 1 हजार वृक्ष लगाकर हरियाली की प्रति सुशोभित करना है। अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक शुभम जैन ने भी वृक्षारोपण के दौरान यह कहा की प्रकृति और पर्यावरण को बचाने के लिए जितना अधिक हो हमे वृक्ष लगाना चाहिए, क्योंकि एक वृक्ष हमें हमेशा ऑक्सीजन प्रदान करता है, और बिना वृक्षारोपण के यह संभव नहीं है। प्राचार्या ने यह भी कहा कि पौधारोपण करना ही मुख्य उद्देश्य नहीं है अपितु, इनकी अच्छी देखभाल करना भी हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।

## भाजयुमो नेता नितेश ने सांसद विजय को दी बधाई



**बेरला।** लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद दुर्ग लोकसभा के पुनः सांसद बने विजय बघेल दुर्ग लोकसभा से ऐतिहासिक प्रचंड मतों से विजय हुए। इस ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं में काफी हर्षोल्लास और उत्साह देखने को मिला। वही भाजयुमो नेता दाऊ नितेश सोनी ने दुर्ग लोकसभा के सांसद बनने पर विजय बघेल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस जीत पर इन्होंने कहा कि पूरे देश भर में भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक नई ऊर्जा उमंग के साथ राष्ट्र निर्माण और नए विकास के लिए कार्य करेंगे। यह जीत हर मतदाताओं की जीत है और एक-एक कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत तपती धूप में भी अथक प्रयास करने के बाद मिली है।

## विकासखंडस्तर पर शिक्षकों का प्रशिक्षण 10 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में चारों विकास खंड के बीआरसी, एसआरजी और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के स्त्रोत व्यक्तियों की एक बैठक डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें विकासखंड स्तर पर 10 जून से शुरु होने वाले आफलाइन शिक्षक प्रशिक्षण के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई और प्रशिक्षण के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई गई। प्राचार्य डाइट जे के घृतलहरे ने बताया कि 10 जून से विकासखंड स्तर पर होने वाले शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से किया जाएगा। बेमेतरा जिले के प्राथमिक शालाओं में कुल 2347 शिक्षक कार्यरत है। विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण को प्रत्येक विकासखण्ड में 3 जोन में विभाजित कर किया जाएगा। बीआरसी को बताया गया है कि संख्या के आधार पर कार्य योजना तैयार कर प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक संपन्न करावे। ऑफलाइन प्रशिक्षण 10 जून से प्रारंभ होगा और यह चार दिवसीय होगा। संख्या के आधार पर अलग-अलग चरणों में इसे संपन्न किया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड में तीन केन्द्रों में यह प्रशिक्षण आयोजित होगा। प्रत्येक विकासखण्ड में 9 डीआरजी का नाम प्रशिक्षण के चयन किया गया है और प्रत्येक जोन के लिए 3 डीआरजी की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण के लिए ऐसे केन्द्रों का चयन किया जाए, जहां प्रोजेक्टर एवं प्रशिक्षण हेतु अन्य सुविधा उपलब्ध हो। बीईओ, बीआरसी स्वयं जाकर एक बार प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर लेंवे। बेमेतरा विकासखंड में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला दाढ़ी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बावा मोहतरा, और सेजेस हिन्दी माध्यम कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बेमेतरा में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह बेरला विकासखंड में बेरला बीआरसी भवन, स्वामी आत्मानंद विद्यालय देवरबीजा और उच्च प्राथमिक विद्यालय भिभौरी, साजा विकासखंड में सेजेस परपोड़ी, सेजेस साजा और सेजेस थानखमरिया में तथा नवागढ़ में शासकीय बालक उ मा वि नवागढ़, हाईस्कूल पुटपुरा और हाईस्कूल नांदघाट में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। एक चरण में प्रत्येक केंद्र में अधिकतम 60 शिक्षक अपनी सहभागिता देंगे। प्रशिक्षण में सर्वप्रथम कक्षा 1 से 3 पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्राथमिकता दी जायेगी। तत्पश्चात शेष शिक्षक बचते हैं तो कक्षा चार और पांच पढ़ाने वाले शिक्षक को प्रशिक्षण दिया जावे। इस प्रशिक्षण में कक्षा एक से पांच तक पढ़ाने वाले समस्त शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। ऑफलाइन प्रशिक्षण के 5 दिन पूर्व दो-दो घंटे ऑनलाइन प्रशिक्षण लेना सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य है।

■ तैयारियों को लेकर डाइट बेमेतरा में हुई बीआरसी व एसआरजी की बैठक



### प्रशिक्षण में सहभागिता सुनिश्चित करना बीईओ का दायित्व

इस बैठक में डाइट प्राचार्य ने कहा कि सभी शिक्षकों कि प्रशिक्षण में सहभागिता सुनिश्चित करना विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी का दायित्व होगा। विकास खण्ड में होने वाले प्रशिक्षण का समय प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। बैठक में बेरला से बीआरसी खोम लाल साहू एवं साजा विकासखण्ड से बीआरसी बी डी बघेल, बेमेतरा से बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू, नवागढ़ विकासखण्ड से बीआरसी सोनूराम साहू सहित डाइट बेमेतरा से वरिष्ठ व्याख्याता और एफएलएन प्रभारी उषा किरण पाण्डेय, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, डॉ बसुबंधु दीवान, राजकुमार वर्मा, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, एसआरजी भुवन लाल साहू, जलेश जांगड़े, पवन देवांगन, राजेश यादव, तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से राघवेंद्र कुमार साहू, पवन साटकर उपस्थित थे।

### हाईस्कूल लावातरा के व्याख्याता भुवन लाल ने किया मार्गदर्शन

## लक्ष्य के साथ रुचि को ध्यान रखकर करें विषय का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

विकासखण्ड बेरला क्षेत्र में दसवीं बोर्ड परीक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित हो चुके हैं। इसके पश्चात विद्यार्थियों को कक्षा ग्यारहवीं में आगे की पढ़ाई के लिए विषय चयन करना होता है जिसके लिए वे असमंजस में रहते हैं कि कौन से विषय का चयन करें।

इसी को ध्यान में रखते हुए बेरला विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल लावातरा के व्याख्याता भुवन लाल साहू के द्वारा दसवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए विषय चयन हेतु विशेष मार्गदर्शन क्लास का आयोजन किया गया। जिसमें उनके द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि कक्षा दसवीं तक सभी विद्यार्थी एक समान विषय का अध्ययन करते हैं किंतु कक्षा ग्यारहवीं में जाने के बाद उन्हें विषय चयन करना होता है जो कि विद्यार्थी के जीवन एवम् कैरियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। इस समय सोच समझकर निर्णय लेना आवश्यक होता है। विद्यार्थी जल्दबाजी में या पालकों के दबाव में या अपने दोस्तों के बहकावे में आकर ऐसे विषय का चयन कर लेते हैं जिसमें उनकी रुचि नहीं होती है। जिसके कारण आगे वह उस विषय को अच्छे से अध्ययन नहीं कर पाता और इससे उसका परीक्षा परिणाम भी प्रभावित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया की हर विद्यार्थी को सर्वप्रथम अपने लक्ष्य का निर्धारण करना चाहिए तथा लक्ष्य और रुचि को ध्यान में रखते हुए हमें विषय का चयन करना चाहिए तभी जाकर हम सफल हो पाते हैं। उनके द्वारा विद्यार्थियों को कौन से विषय चयन करने पर कौन-कौन से कैरियर के विकल्प मिलते हैं इनके बारे में भी विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर लावातरा के कक्षा दसवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी उपस्थित थे।






